किशोरी इतना तो कीजो, लाड़ली इतना तो कीजो, जग जंजाल छुड़ाए वास बरसाने को दीजो Bhajans Bhakti Songs

किशोरी इतना तो कीजो, लाड़ली इतना तो कीजो,
जग जंजाल छुड़ाए वास बरसाने को दीजो ।

भोर होत महलन में थारे सेवा में निस जाऊं,
मंगला के नित्त दर्शन पाऊं, जीवन सफल बनाऊं ।
किशोरी मोहे सेवा में लीजो, लाड़ली सेवा में लीजो,
जग जंजाल छुड़ाए वास बरसाने को दीजो ॥

पड़ी रहूँ मैं द्वार तिहारे, रसिकन दर्शन पाऊं,
भगतन की पद धूलि मिले तो अपने सीस चढाउँ ।
किशोरी मोहे द्वारे रख लीजो, लाड़ली द्वारे रख लीजो,
जग जंजाल छुड़ाए वास बरसाने को दीजो ॥

भूख लगे तो ब्रजवासिन के टूक मांग के खाऊं,
कभू प्रसादी श्री महलन की कृपा होए तो पाऊं ।
किशोरी मेरी विनय मान लीजो, लाडली विनय मान लीजो,

जग जंजाल छुड़ाए वास बरसाने को दीजो ॥

राधे राधे रटूं निरंतर तेरे ही गुण गाऊं,
तेरे ही गुण गाय गाय मैं तेरी ही होय जाऊं ।
किशोरी मोहे अपनी कर लीजो, लाड़ली अपनी कर लीजो,

Source:
https://www.bharattemples.com/kishori-itna-to-keejo-laadli-itna-to-kijo-jag-janjaal-chudaye-vaas-barsaane-ko-deejo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw